# कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान की विधायक निधि से ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतिकरण को मिली बड़ी सौगात

## 2 करोड़ 22 लाख 3 हजार के 35 कार्यों को मिली प्रशासकीय स्वीकृति

इन्दौर समाचार प्रतिनिधि आलीराजपुर जिले के ग्रामीण अंचलों में विद्युत सुविधा को सुदृढ़ करने की दिशा में कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए अपनी विधायक निधि से 35 विद्युतिकरण कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। इन कार्यों पर कुल 2 करोड़ 22 लाख 3 हजार रुपये की राशि व्यय की जाएगी, जिसे प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि मंत्री नागरसिंह चौहान के सतत प्रयासों तथा केंद्र और राज्य की डबल इंजन वाली भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के चलते जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतिकरण से जुड़े कार्यों को स्वीकृति मिली है। इन कार्यों में विद्युत लाइन विस्तार, नवीन ट्रांसफार्मर स्थापना, वोल्टेज सुधार एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने से संबंधित कार्य शामिल हैं।

इन योजनाओं के पूर्ण होने से ग्रामीण अंचलों में लंबे समय से चली आ रही कम वोल्टेज, बार-बार बिजली गुल होने और अपर्याप्त विद्युत आपूर्ति जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी। इससे घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ किसानों को भी कृषि कार्यों में सुविधा होगी और गांवों में विकास गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार ग्रामीण विकास और किसान कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। डबल इंजन सरकार के माध्यम से गांव-गांव तक बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्र आत्मनिर्भर बन रहे हैं।




ग्रामीण नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने विद्युतिकरण कार्यों की स्वीकृति पर मंत्री श्री चौहान एवं भाजपा सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

### कहां-कहां होंगे 35 विद्युतिकरण कार्य

विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि आलीराजपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 35 ग्रामों की फलियों में विद्युतिकरण कार्य किए जाएंगे। इनमें आलीराजपुर विकासखंड में 10, कट्ठीवाड़ा विकासखंड में 7 तथा सोंडवा विकासखंड में 18 कार्य शामिल हैं।

### विकासखंड आलीराजपुर

गुनी पिपरी फलिया, ग्राम बड़दला ङ्क ?6.70 लाख

खेड़ा फलिया, ग्राम कोदली -5.68 लाख

होली फलिया, ग्राम गव्हाण -5.74 लाख

कुहाजा फलिया, ग्राम कवठु -8.40 लाख

गुजरी फलिया, ग्राम बेहड़वा-10.12 लाख

वारती फलिया, ग्राम बेहड़वा - 4.37 लाख

कुण्ड फलिया, ग्राम बोरकुआ - 5.72 लाख

भुरियाकुआं फलिया, ग्राम बेहड़वा -7.09 लाख

कदवाल फलिया, ग्राम सेजगांव -?5.14 लाख

मंडल माल फलिया - 6.56 लाख

विकासखंड कट्ठीवाड़ा

माफीदार फलिया, ग्राम कुम्भी -8.17 लाख

जमरा फलिया, ग्राम अकोला -7.40 लाख

बीस फलिया, ग्राम मेहणी -2.31 लाख

सुनमवडी फलिया, ग्राम मोरधी - 5.80 लाख

गुराड़ फलिया, ग्राम मोरधी -5.07 लाख

खाड़ा फलिया, ग्राम अकोला -5.91 लाख

आमली फलिया, ग्राम डेहरी -6.97 लाख

### विकासखंड सोंडवा

राठवा फलिया, ग्राम छोटी गेन्द्रा -6.92 लाख

धुधगा फलिया, ग्राम छोटी गेन्द्रा -6.11 लाख

वारती फलिया, ग्राम ककराना-4.59 लाख

होली फलिया, ग्राम आम्बा -7.78 लाख

डामरी फलिया, ग्राम कुण्डवाट -2.37 लाख

अहरण फलिया, ग्राम बड़ी उतावली - 6.23 लाख

कोल्यारी फलिया, ग्राम बेजड़ा -5.98 लाख

डाकनकुआ फलिया, ग्राम बड़ी सिरखड़ी -9.91 लाख

पटेल फलिया, ग्राम चिलवट -6.20 लाख

लाकड़कुई फलिया, ग्राम अड्डा -5.69 लाख

चैंगड़ फलिया, ग्राम कुलवट -4.75 लाख

डावरी फलिया, ग्राम वलवई -6.42 लाख

रानीकुआ फलिया, ग्राम बिछौली -5.23 लाख

दामल फलिया, ग्राम छकना की माल - 5.53 लाख

चैली फलिया, ग्राम कन्थारी -6.94 लाख

सेगवी फलिया, ग्राम जामला -7.20 लाख

मंडल माल फलिया, ग्राम औझड- 5.77 लाख

भाला फलिया, ग्राम रूण्डमाल -10.63 लाख

## सत्यवीर तेजाजी महाराज की 952वीं जयंती पर विशाल भंडारे का आयोजन



मनोज उपाध्याय थांदला। लोक देवता, महान योद्धा, गो-रक्षक और नागों के देवता, भगवान शिव के अवतार के रूप में प्रसिद्ध सत्यवीर तेजाजी महाराज की 952वीं जयंती उनके अनुयायी राठौड़ (तेली) समाज द्वारा पूर्ण श्रद्धा और उत्साह के साथ बीते शनिवार को मनाई गई। नगर के एक मात्र व ग्रामीण अंचल के अति प्राचीन तेजाजी महाराज मंदिर पर सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा वही तेजाजी जन्मोत्सव पर विशेष पुजा अर्चना व महाभिषेक आदि आयोजन भी हुए।

तेजाजी के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर तेजाजी भक्त मण्डल द्वारा तेजाजी के नाटक का मंचन कर भजन संध्या का आयोजन किया गया तथा जन्मोत्सव के दिन मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश मंत्री संगीता विश्वास सोनी, पूर्व विधायक कलसिंह भाबर, स्वयं सेवक संघ के आकाश चौहान, नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुनील पणदा, राजेश वसुनिया, बंटी डामर व प्रशासनिक एसडीएम महेश मंडलोई ने तेजाजी महाराज की विशाल भक्त समूह संग आरती उतारी।

इस अवसर पर मंदिर समिति द्वारा विशाल भंडारें का आयोजन हुआ जिसमें ग्रामीण अंचल सहित नगर के सभी तेजाजी महाराज के भक्तों व आमंत्रित अतिथियों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। समिति अध्यक्ष नितेश राठौड़ ने तन-मन-धन से सहयोगी बने सभी समाज जनों व नगर जनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## कट्ठीवाड़ा में प्रभारी कलेक्टर जितेंद्र सिंह चौहान ने आम बगीचों का किया अवलोकन



आलीराजपुर, आम के बगीचों के लिए प्रसिद्ध कट्ठीवाड़ा क्षेत्र में आज प्रभारी कलेक्टर जितेंद्र सिंह चौहान ने नूरजहां मैंगो फार्म का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने बगीचे में लगी विभिन्न किस्मों के आम के पेड़ों का अवलोकन किया।

मैंगो फार्म में लंगड़ा, हापुस, केशर, श्रीदेवी, दाड़म, मदासी, माधुरी, दशहरी, शाहजहां, गुलाब केशर, मल्लिका, 35 प्रशांत, केशवंटी सहित अनेक प्रजातियों के आम के पेड़ लगाए गए हैं। प्रभारी कलेक्टर श्री चौहान ने बगीचे के प्रबंधन से आम की विभिन्न किस्मों, फसल उत्पादन, फलों की गुणवत्ता, बाजार मूल्य, उत्पादन मात्रा तथा लागत से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बगीचे प्रबंधन से आम की ब्रांडिंग एवं बेहतर विपणन व्यवस्था विकसित करने को कहा।

इस अवसर पर तहसीलदार सुनील डावर, नायब तहसीलदार सरिता बालेचा, जनपद सीईओ गोपाल शरण प्रजापति सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अंचल में आफत बनी बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि



### तेज हवा के साथ बारिश से फसलें गिरीं, किसान व आमजन चिंतित

पेटलावद हरिश राठोड। सोमवार शाम रायपुरिया अंचल में अचानक मौसम ने करवट ली और देखते ही देखते आसमान काले घने बादलों से घिर गया। शाम करीब 5 बजे बादलों की तेज गरज, बिजली की चमक और तेज हवाओं के साथ बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि शुरू हो गई, जो समाचार लिखे जाने तक जारी थी।

अचानक आई इस बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। तेज हवा और मूसलाधार बारिश के कारण खेतों में खड़ी फसलें गिर गईं। किसान राजाराम पाटीदार ने बताया की मंगलवार सुबह जब खेत पर पहुंचे तो हमारी 25 बिघा की फसल खराब हो गई लगभग 60त्न प्रतिशत करीब एवं गांव बनी के किसान पुना पिता ईश्वर पाटीदार की 5 बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह जमीन पर गिर गई, जिससे फसल खराब होने की आशंका जताई जा रही है। किसानों का कहना है कि वास्तविक नुकसान का आकलन अब प्रशासन सर्वेकर रिपोर्ट बता सकते हैं

बेमौसम बारिश से शादी-विवाह वाले परिवारों की परेशानियां भी बढ़ गई हैं। वहीं, प्रजापत समाज के ईंट निर्माता भी प्रभावित हुए हैं, बारिश के कारण ईंटें गीली हो गई, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। किसान बद्री प्रजापत, अशोक प्रजापत, नरेश प्रजापत, मोहन प्रजापत ने बताया कि कल बरसात से लाखों रुपए का नुकसान हुआ।

अचानक बदले मौसम ने पूरे अंचल में जनजीवन को प्रभावित कर दिया है और किसान सहित विभिन्न वर्ग नुकसान को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं।

# प्रभारी कलेक्टर जितेंद्र सिंह चौहान ने कट्ठीवाड़ा जनपद व तहसील कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

इन्दौर समाचार प्रतिनिधि आलीराजपुर, प्रभारी कलेक्टर जितेंद्र सिंह चौहान ने कट्ठीवाड़ा जनपद एवं तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण कर विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं अभियानों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संकल्प से समाधान अभियान की प्रगति की गहन समीक्षा की।



प्रभारी कलेक्टर श्री चौहान ने अभियान के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का शत-प्रतिशत सैचुरेशन सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को निर्देशित किया कि संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनवाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि ग्रामीणों को सुचारू स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें और इलाज के लिए उन्हें बाहर पलायन न करना पड़े। साथ ही उन्होंने आकांक्षी ब्लॉक कट्ठीवाड़ा में संपूर्णता अभियान 2.0 की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने एवं समयबद्ध तरीके से प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण की अगली कड़ी में प्रभारी कलेक्टर ने तहसील कार्यालय कट्ठीवाड़ा का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने एसआईआर-2026 अंतर्गत मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। निर्वाचन कार्य अंतर्गत मतदाताओं की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा करते हुए एसआईआर से संबंधित सभी कार्य समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सुनील डावर, नायब तहसीलदार सरिता बालेचा, जनपद सीईओ गोपाल शरण प्रजापति सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा 10 व 13 फरवरी से

### जिले में 32 केन्द्रों पर 12,146 विद्यार्थी होंगे शामिल

इन्दौर समाचार प्रतिनिधि आलीराजपुर, जिले में माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश की कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं की वार्षिक परीक्षाएं क्रमशः 10 फरवरी एवं 13 फरवरी 2026 से प्रारंभ होंगी। परीक्षाओं का समय प्रातः 09ः00 बजे से दोपहर 12ः00 बजे तक निर्धारित किया गया है।

कलेक्टर नीतू माथुर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में परीक्षा संचालन हेतु मण्डल द्वारा कुल 32 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इन केन्द्रों पर कुल 12,146 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित होंगे, जिनमें कक्षा 10वीं के 6,624 तथा कक्षा 12वीं के 5,522 विद्यार्थी शामिल हैं।

दिनांक 29 जनवरी 2026 को मण्डल परीक्षा की तैयारियों के संबंध में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में प्राप्त निर्देशों के अनुसार परीक्षा अवधि के दौरान सोशल मीडिया एवं टेलीग्राम पर सतत निगरानी रखी जाएगी। साथ ही प्रश्न पत्रों की गोपनीयता भंग करने अथवा भ्रामक खबरें फैलाने की किसी भी कोशिश पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार नजर रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाए, जिससे जिले में व्यापक जनहित एवं छात्र हित में मण्डल द्वारा संचालित परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न कराई जा सकें।

## जनसुनवाई का आयोजन किया गया



आलीराजपुर, प्रति मंगलवार की भांति आज कलेक्टर कार्यालय स्थित जनसुनवाई कक्ष में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन डिप्टीप कलेक्टर निर्मला कलमे की अध्यक्षता में किया गया। जनसुनवाई में कुल 20 आवेदक अपनी विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु उपस्थित हुए। डिप्टीम कलेक्टर कलमे ने सभी आवेदकों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं तथा संबधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस जनसुनवाई में कुशलसिंह पिता मगनसिंह निवासी पटेल फलिया ग्राम माछलिया ने आवेदन दिया कि प्रधानमंत्री आवास मेरे पिता मगनसिंह पिता रायसिंह चौहान के नाम से स्वीकृत हुआ था पुरा मकान बनकर बनने के बाद भी मुझे आज दिनांक तक मजदुरी राशि प्राप्त नहीं हुई है। प्रधानमंत्री आवास की मजदुरी की राशि प्रदान करवायी जाए । इस आवेदन पर डिप्टीय कलेक्टर कलमे द्वारा संबंधित अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। एक अन्य आवेदक सुरेश पिता नाथु निवासी मसानिया फलिया ग्राम तीती ने आवेदन दिया कि मेरा पास कुल 05 खेत है रकबा 1.8500 हेक्टर जमीन है। असंचित है। सिंचाई के लिए पानी नहीं है। इस कारण कपिल धारा कुप का खनन करवाना चाहता हूँ । मेरा कपिल धारा कुप निर्माण की स्वीकृत करवाया जाए । एक अन्य आवेदक जतनसिंह पिता हिरिलया मंडलोई ने आधार कार्ड में नाम की त्रुटि के कारण बच्चों की प्रोफाइल नहीं बन पाने की समस्या रखी। उन्होंने बताया कि कई बार आधार केंद्र से संपर्क करने के बावजूद सुधार नहीं हुआ तथा भोपाल जाकर सुधार कराने की बात कही जा रही है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण भोपाल जाना संभव नहीं है। इस पर संयुक्त कलेक्टर ने संबंधित विभाग को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए, ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। इसी तरह जमीनी कब्जाा,अतिक्रमण,सीएम किसान कल्याण योजना की राशि नहीं मिलने, जमीनी विवाद सहित विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन भी प्राप्त हुए। इस दौरान समस्तव विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर परिषद,थांदला, जिला- झाबुआ (मप्र)**

प्रकरण क्रमांक- 149 से 157
प्रारंभ दिनांक - 02/01/2026
समाप्ति दिनांक- 08/01/2026
विषय :- भवन/भूमि/नवीन संपत्ति का नामांतरण के संबंध में।
संदर्भ :- ई नगर पालिका पोर्टल पर/ऑफलाईन प्रस्तुत आवेदनों के संबंध में।

शाखा का नाम :- राजस्व शाखा
शाखा प्रभारी का नाम :- एवी गरवाल
प्रभारी अधिकारी :- कमलेश जायसवाल

महोदय,
प्रकरण में लेख है कि ई नगर पालिका पोर्टल/ऑफ लाईन के माध्यम से प्रस्तुत आवेदनों के द्वारा अपने नाम पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए गए हैं, जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| अ क्र. | प्रकरण क्रमांक | संपत्ति कहां पर स्थित है व वार्ड क्र. भवन/भूखंड क्र. | | | विक्रेता का नाम | क्रेता का नाम | विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 149/2025-26 | महात्मा गांधी मार्ग | 1 | परिवर्तित भूखंड | श्री शेखर पिता लालजी सोलंकी | श्री सविता पति दिनेश डामोर | रजिस्ट्री |
| 2 | 150/2025-26 | राव साहब गली | 2 | भूखंड | श्री हुसैन पिता मन्नान बोहरा | श्रीमती हसीना पति मुस्तनसीर चिकलियावाला | रजिस्ट्री |
| 3 | 151/2025-26 | राव साहब गली | 3 | भूखंड | श्री जोहर पिता मन्नान बोहरा | श्रीमती हसीना पति मुस्तनसीर चिकलियावाला | रजिस्ट्री |
| 4 | 152/2025-26 | राव साहब गली | 1 | परिवर्तित भूखंड | श्री शेखर पिता लालजी सोलंकी | सुश्री सुमित्रा पिता नानजी डामोर | रजिस्ट्री |
| 5 | 153/2025-26 | पीर साहब गली | 11 | 8 | श्रीमती रुकैया बक्श पति इलाही बक्श | श्री अब्दुल रजाक पिता इलाही रंगरेज | मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र |
| 6 | 154/2025-26 | लिमडी बॉयपास | 1 | परिवर्तित भूखंड | श्री कलीमुद्दीन पिता फिदा हुसैन बोहरा | श्रीमती सुनिता पति प्रवीण पीचा | रजिस्ट्री |
| 7 | 155/2025-26 | तिलक मार्ग (शीतलामाता मंदिर से बॉयपास) | 3 | परिवर्तित भूखंड | श्रीमती ज्योति पति विपिन नागर | श्रीमती समीना पति सलमान बोहरा | रजिस्ट्री |
| 8 | 156/2025-26 | जवाहर मार्ग | 8 | 72 | श्रीमती निरुपमा पति रतनलाल मेहता | श्री महावीर पिता रतनलाल मेहता | मृत्यु प्रमाण पत्र वसीयातानाम |
| 9 | 157/2025-26 | रघुनंदन मार्ग | 12 | परिवर्तित भूखंड | श्रीमती रोशनी विपुलभाई पिता कोदर मकवाना<br>श्रीमती पूजा राकेश पिता कोदरसिंह मकवाना<br>श्री पंकज, प्रवीण पिता कोदर मकवाना<br>श्रीमती रेखा पति कोदर मकवाना | श्रीमती मुकेश पिता मांगीलाल धमानिया | रजिस्ट्री |

अतः उपरोक्त विवरण अनुसार ऑन लाईन नामांतरण किए जाने हेतु आपत्ति का सूचना पत्र 07 दिवस की विज्ञप्ति में प्रकाशित किए जाने के आदेशार्थ प्रस्तुत।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद, थांदला**